## महत्वपूर्ण एवं खास

### लाईवलीहुड कॉलेज में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज, रायगढ़ में डोमेस्टिक डाटा एंट्री आपरेटर एवं ऑफिस असिस्टेंट कोर्स में नि:शुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम 10 वीं व 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण के साथ आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए। प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क होगी। जिसके उपरांत प्रशिणार्थियों को रोजगार सुनिश्चित करवाया जायेगा। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ पंजीयन करवा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ मोबाईल नं 9752658995 एवं 9343985640 से संपर्क कर सकतें है।



### एचआईव्ही/एड्स के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के दिशा-निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में मानव रोगक्षम अल्पता विषाणु एवं अर्जित रोगक्षम अल्पता संलक्षण (निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 2017 की कार्ययोजना तथा एचआईव्ही/एड्स के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु एक दिवसीय कार्यशाला 11 फरवरी 2022 को हॉटल श्रेष्ठा में आयोजित किया गया। जिसमें रायगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित हुये। उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ छ.ग. राज्य एड्स नियंत्रण समिति की तरफ से उपसंचालक, टीआई विक्रांत वर्मा, संयुक्त संचालक सीएसटी अजय सिंह, नवरून पांडा, टीम लीडर सुधांशु शेखर सिंह, राज्य परियोजना अधिकारी ईएलएम दुर्गेश श्रीवास्तव, राज्य परियोजना अधिकारी टीआई रायपुर द्वारा कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। जिसमें गैर सरकारी संगठन निश्चय समिति तथा जनमित्रम कल्याण समिति रायगढ़ का योगदान रहा। जिला स्तर से डॉ.एस.एन.केशरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायगढ़, डॉ.टी.के. टोण्डर, जिला नोडल अधिकारी एड्स नियंत्रण कार्यक्रम, श्रीमती अंजु नायक, अतिरिक्त संचालक, जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग, भावना महलवार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, डॉ.योगेश पटेल, नोडल अधिकारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित हुये। उक्त कार्यशाला में एचआईव्ही/एड्स तथा अधिनियम 2017 पर विस्तृत परिचर्चा की गई तथा उद्योगों के प्रतिनिधियों को एक्ट के प्रावधान क्रमांक 20 के तहत् सभी स्वास्थ्य सेवा केन्द्रों जहाँ कम से कम 20 या उससे ज्यादा कर्मचारी हो वहाँ एक शिकायत निवारण अधिकारी का मनोनयन करना संस्था प्रमुख की जिम्मेदारी होगी तथा अन्य व्यवसायिक कार्यालयों में जहाँ कम से कम 100 या उससे ज्यादा कर्मचारी हो वहाँ शिकायत अधिकारी मनोनयन किये जाने हेतु जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि को निम्नानुसार मुख्य बिन्दुओं पर विस्तृत परिचर्चा की गई। सभी उद्योगों में एचआईव्ही/एड्स के प्रति जागरूकता तथा टोल फ्री नंबर 1097 का प्रचार-प्रसार, सभी उद्योगों में एचआईव्ही, एसटीआई एवं टीबी का परामर्श एवं जाँच, सभी उद्योगों में शिकायत अधिकारी का मनोनयन (जहाँ जहाँ कम से कम 100 या उससे ज्यादा कर्मचारी हो), एचआईव्ही/एड्स अधिनियम 2017 का पालन एवं क्रियान्वयन एवं एचआईव्ही/एड्स की रोकथाम हेतु श्रम विभाग द्वारा जारी एचआईव्ही/एड्स पॉलिसी का पालन एवं क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी गई है।

# आयुष स्वास्थ्य मेला में 805 मरीजों का किया गया उपचार, दी गई नि:शुल्क दवाईयां

**रायगढ़।** जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल के मुख्य आतिथ्य में आज आयुष विभाग द्वारा जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय परिसर, रायगढ़ में किया गया। जिसमें आयुर्वेद के 657, होम्योपैथी के 115, प्राकृतिक चिकित्सा के 33 कुल 805 जिसमें पैथोलॉजी जांच 180 पंचकर्म के 73 मरीजों का उपचार कर नि:शुल्क दवाईयां दी गई। इस मौके पर महापौर जानकी काटजू, पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.अश्विनी शर्मा, डॉ. गौरीशंकर पटेल, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत उपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना के साथ नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ किया। पटेल ने अपने संबोधन में वर्तमान जीवन शैली में आयुर्वेद की महत्ता बताई तथा चिकित्सक को मानवता की सेवा के लिए सबसे महत्वपूर्ण कहा। उन्होंने कोविड-19 में आयुष चिकित्सकों के योगदान की सराहना की। महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने आयुर्वेदिक काढ़े को अत्यंत उपयोगी बताया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल एवं उपस्थित अतिथियों ने जिला आयुर्वेद चिकित्सालय का निरीक्षण कर विभाग के विशेष प्रयास से उपलब्ध कराए गए पंचकर्म एवं पैथोलॉजी सुविधा को मिल रहे लाभ की जानकारी ली। पंचकर्म आयुर्वेद कि वह विशिष्ट विद्या है जिसके द्वारा रोगों का संशोधन कर शरीर को रोग मुक्त किया जाता है।



आयुष मेले में लगाए गए स्टाल औषधीय पौधों की प्रदर्शनी काढ़ा वितरण क्षारसूत्र स्नेहन विरेचन स्वेदन सहित पंचकर्म चिकित्सा बालरोग स्वास्थ्य वृत्त का अवलोकन करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल सहित मेले में दूरदराज से आए सैकड़ों हितग्राहियों ने प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आयुष काढ़े का सेवन किया। इस शिविर में आयुर्वेद में वर्णित गुलुच्यादी आ त्रिकटु तुलसी निर्मित काढ़ा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता वर्धक तथा श्रेष्ठ रसायन औषधि के रूप में जानी जाती है होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर मुकेश साहू द्वारा प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए होम्योपैथिक औषधि आर्सेनिक एल्बम 30 की तीन खुराक रोजाना लेने की सलाह दिया एवं वितरण किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत ने जिला चिकित्सालय में उपलब्ध पंचकर्म क्षार सूत्र जैसे आयुर्वेद की विशिष्ट विधाओं का अधिकाधिक संख्या में भाग लेने हेतु जन सामान्य को प्रेरित कर जागरूकता गतिविधियों की जानकारी दी। इस शिविर में नशा मुक्ति हेतु विशेष परामर्श केंद्र में नरसिंह पटेल द्वारा नशा मुक्ति परामर्श दिया गया। मेले में प्राकृतिक चिकित्सा संबंधी जानकारी दिया गया तथा प्राकृतिक चिकित्सक डॉक्टर श्रीधर स्वाइ एवं टीम द्वारा 33 मरीजों का प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से उपचार किया गया। विभाग की विशेष पहल पर मेले में अर्श पाइल्स भगंदर फिस्टुला के 10 रोगियों का विशेष जांच डॉक्टर संतोष गुप्ता द्वारा किया गया तथा आगामी दिवसों में क्षार सूत्र चिकित्सा हेतु चिन्हांकित किया गया। मेले में औषधीय पौधों एवं जड़ी बूटियों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें डॉक्टर संजीव गुप्ता द्वारा जानकारी दी गई। इस अवसर पर मंच संचालन डॉ प्रशांत सक्सेना एवं डॉ अवधेश महापात्र द्वारा किया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर मीरा भगत एवं मेला प्रभारी डॉक्टर नीरज कुमार मिश्रा ने मेले में सक्रिय रूप से योगदान देने वाले सभी चिकित्सकों एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों एवं समस्त नागरिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सड़क किनारे जुआ खेलते 6 जुआरी पकड़ाए

**जुआ फड से 45 हजार नकद, 2 मोटर सायकल व 5 मोबाइल जब्त**

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशल एसपी लखन पटले, एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक के.के. पटेल द्वारा स्थायी वारंटियों की धरपकड़ एवं जुआ-सट्टा पर विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 12.02.2022 के शाम करीब 05.30 बजे थाना प्रभारी सरिया को मुखबिर से सूचना मिला कि पंचधार रोड़ किनारे कुछ जुआडियान 52 पत्ते ताश से जुआ खेल रहे हैं। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा हमराह स्टाफ जाकर आरोपियों की घेराबंदी कर पंचधार रोड़ किनारे पुटु बाड़ी के पास से 06 जुआरियों को जुआ फड के पास गिरफ्तार किया गया है। जुआरियों से नकद 45,000 रूपये, 05 मोबाइल एवं फड के पास खड़े जुआरियों की 02 मोटर सायकल की जप्ती की गई है। आरोपियों पर थाना सरिया में 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जुआ रेड कार्रवाई में थाना प्रभारी सरिया सब इंस्पेक्टर के.के. पटेल के साथ आरक्षक



राजकुमार साव, मोहन गुप्ता, मोहन पटेल,दिलीप साह शामिल थे।

जुआ फड पर पकड़े गये आरोपियान-

(01)संजय पटेल उर्फ भोको पिता डोलानंद उम्र 38 वर्ष साकिन वार्ड 09 सरिया

(02) बोधराम सोनवानी पिता अतनु उम्र 32 वर्ष साकिन पुजेरिपाली सरिया

(03) अभिषेक श्रीवास्तव पिता अवधेश श्रीवास्तव उम्र 32 वर्ष साकिन वार्ड 12 सरिया

(04) जितेंद्र जायसवाल पिता शिव जायसवाल उम्र 30 वर्ष साकिन वार्ड 08 सरिया

(05) सुमंत गुप्ता पिता स्व कुमाराम उम्र 52 वर्ष साकिन पंचधार सरिया

(06) तुलाराम साहा पिता जालंधर साहा उम्र 53 वर्ष साकिन पंचधार सरिया

## राज्य लोक सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज : जिले के 22 केन्द्रों पर होगी दो पालियों में परीक्षा, 6177 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा राज्य लोक सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2021 रविवार 13 फरवरी को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रथम पाली प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।

लोक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में 22 केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें 6177 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें परीक्षा केन्द्र-1401 किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय चक्रधर नगर रायगढ़, 1402-किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक चक्रधर नगर रायगढ़, 1403-शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल चक्रधर नगर रायगढ़, 1404-गुरूदोण हायर सेकेण्डरी स्कूल टीवी टॉवर छोटे अतरमुडा रायगढ़, 1405-शासकीय नटवर हायर सेकेण्डरी स्कूल सिविल लाईन स्टेशन रोड रायगढ़, 1406-स्वामी बालकृष्ण पुरी लॉ-कालेज श्याम टाकीज के पास रायगढ़, 1407-शासकीय गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल पैलेस रोड रायगढ़, 1408-शासकीय हाईस्कूल चांदमारी सर्किट हाऊस के पास रायगढ़, 1409-सेंट टेरेसा शालिनी कान्वेंट स्कूल बोईरदादर रायगढ़, 1410-शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल जूटमिल नियर कबीर चौक रायगढ़, 1411-केएमटी शासकीय गर्ल्स कालेज रायगढ़, 1412-सेठ किरोड़ीमल आदर्श हायर सेकेण्डरी स्कूल बाल मंदिर रायगढ़, 1413-सेंट जेवियर स्कूल कैथोलिक आश्रम बोईरदादर रायगढ़, 1414-सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल लक्ष्मीपुर रायगढ़, 1415-कार्मेल गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल हिन्दी मीडियम रायगढ़, 1416-कार्मेल कान्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल लक्ष्मीपुर रायगढ़, 1417-ओपी जिंदल खरसिया रोड, जेएसपीएल रायगढ़, 1418-लोकमान्य तिलक हायर सेकेण्डरी स्कूल चक्रधर नगर रायगढ़, 1419 संस्कार पब्लिक स्कूल कबीर चौक ओडिसा रोड रायगढ़, 1420-जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेण्डरी स्कूल पुराना बिल्डिंग किरोड़ीमल नगर रायगढ़, 1421-जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेण्डरी स्कूल नया बिल्डिंग रायगढ़ एवं 1422-शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल किरोड़ीमल नगर रायगढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### अपर कलेक्टर आरए कुरूवंशी नोडल अधिकारी नियुक्त

परीक्षा के सफल संचालन हेतु कलेक्टर भीम सिंह ने अपर कलेक्टर आर.ए.कुरुवंशी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही सहायक परियोजना अधिकारी राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा जिला रायगढ़ रामकुमार चौहान मोबा नं. 88711-65417, सुरेन्द्र कुमार चौहान व्याख्याता शा.उ.मा. वि. बडेभण्डार एवं निराकार पटेल व्याख्याता शा.हाई स्कूल चांदमारी को सहायक नोडल बनाए गए है। उक्त परीक्षा हेतु कुल 08 उडऩदस्ता दल/परिवहन अधिकारी का गठन किया गया है जो परीक्षा आयोजन के दौरान परीक्षा केन्द्रों की सतत निगरानी रखेंगे। राज्य स्तर से आयोग के सदस्य सुकृत लाल साव परीक्षा के निरीक्षण के लिए 13 फरवरी तक बिलासपुर संभाग के दौरे पर रहेंगे। जिला स्तर पर सम्पूर्ण तैयारी कर ली गई है।

## विशेष अभियान अंतर्गत एक ही दिन 37 स्थायी वारंट तामिल

**रायगढ़ में स्थायी वारंट की तामिली के लिए चलाया गया "विशेष अभियान"**

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को स्थायी वारंटियों की तामिली के लिये विशेष अभियान चलाकर तामिली का निर्देश दिया गया था जिसके पालन में आज दिनांक 12.02.2022 को एक ही दिन जिले के 37 स्थायी वारंट एवं 04 गिरफ्तारी वारंट की तामिली की गई है। तामिली थाना प्रभारी घरघोड़ा की टीम द्वारा 07 वारंटो की तामिली की गई है। वहीं थाना खरसिया से 05, थाना पुसौर से 04, चौकी खरसिया से 03 एवं थाना कोतवाली, खरसिया, भूपदेवपुर, सारंगढ़, तमनार, कापू से 2-2 व शेष थानों से 1-1 स्थायी वारंटो की तामिली की गई है।

फरार वारंटियों की धरपकड़ हेतु थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा मुखबिरों



एवं स्टाफ को वारंटियों की पतासाजी के लिये सक्रिय किया गया जिसमें लम्बे समय से फरार वारंटियों के लुकछिप कर रहने की जानकारी मिली। थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक चमन सिन्हा को पिछले 14 साल से फरार वारंटी विजय चौहान के गांव में छिपकर रहने की जानकारी मिली, वारंटी विजय चौहान धारा 354 IPC मामले का आरोपी है, वर्ष 2008 में विजय चौहान के विरूद्ध स्थायी वारंट जारी किया गया था। वहीं थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जे.पी. बंजारे को 08 साल पुराने वारंटी केशव प्रसाद गुप्ता निवासी अमलीडीहा को मुखबिर द्वारा गांव में देखे जाने की सूचना दिया। वारंटी को तत्काल थाना प्रभारी तमनार हिरासत में लेकर थाना लाया गया। वारंटी पर वर्ष 2014 में JMFC घरघोड़ा द्वारा धारा 447,339 IPC के मामले में स्थायी वारंट जारी किया गया था।

अभियान दौरान थाना प्रभारी डोंगरीपाली निरीक्षक जितेन्द्र एसैया को स्थायी वारंटी सुबल खमारी के ओड़िसा के ग्राम दामपाली जिला बरगढ़ में छिपे होने की सूचना मिलने पर ओड़िसा से वारंटी को पकड़ कर सारंगढ़ न्यायालय में पेश किया गया है। खरसिया की टीम द्वारा सूरजपुर जिले से लूट के मामले के फरार वारंटी गंगाधर उर्फ राजू चौहान को गिरफ्तार कर लाया गया। अभियान दौरान कुछ वारंटियों के फौत होने की जानकारी मिलने पर संबंधित का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर न्यायालय पेश किया गया है। एडिशनल एसपी लखन पटले द्वारा अधिक से अधिक वारंटों की तामिली करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को पुरस्कृत करना बताया गया है।

## उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण राज्य में बढ़ेगी ठंड

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में उत्तर से शुष्क और ठंडी हवाओं का आना जारी है। इसके चलते ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि शनिवार को प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा।



बस्तर संभाग में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आएगी। हालांकि, अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा।

हवाओं की दिशा बदलने के कारण राजधानी का अधिकतम तापमान भी शुक्रवार को सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस नीचे हो गया। मौसम विज्ञानियों का भी कहना है कि अभी कुछ दिन मौसम का रुख ऐसा ही रहेगा। शुक्रवार सुबह से राजधानी समेत प्रदेश के विभिन्ना क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहा। उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं के प्रभाव से मौसम में ठंडक रही और दोपहर में निकली धूप थोड़ी राहत भरी रही।

राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस कम रहा। इसी प्रकार 14.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। छत्तीसगढ़ प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान पेन्ड्रा रोड में 07.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस साल गर्म कपड़ों के कारोबार में भी पिछले साल की अपेक्षा 25 फीसद की बढ़ोतरी हुई। पिछले वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष ठंड भी ज्यादा पड़ी है।

## मारपीट के दोषी अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी की मांग

**रायपुर (आरएनएस)।** छ ग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा के अधिकारी नायब तहसीलदार और रीडर , भृत्य के साथ अधिवक्ताओं द्वारा मारपीट पर डिप्टी कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर और अपर कलेक्टर के संघ (छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा संघ ) ने रायगढ़ में कतिपय वकीलों द्वारा की गई शर्मनाक घटना के सम्बंध में त्वरित बैठक कर दोषी अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी की मांग की है।साथ ही प्रदेश के सभी राजस्व न्यायालयों में अधिकारी-कर्मचारियों के संरक्षण की मांग शासन से की गई

रायगढ़ तहसील में कल दिनांक 11 फरवरी 2022 को कुछ अधिवक्ताओं द्वारा तहसील कार्यालय में सुनियोजित ढंग से भीड़ के शक्ल में प्रवेश कर रायगढ़ तहसील के नायब तहसीलदार,तहसीलदार के रीडर और एस डी एम के भृत्य के साथ मारपीट की घटना को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा संघ (डिप्टी कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर और अपर कलेक्टर का संघ) ने रायपुर में संघ के अध्यक्ष आशुतोष पांडे के अध्यक्षता में तत्काल बैठक कर घटना को वकीलों द्वारा पूर्व नियोजित करार देते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया है।

छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के अध्यक्ष आशुतोष पांडे ने कहा है कि वीडियो को देखने से स्पष्ट है यह घटना सामान्य एवं अचानक होने वाली घटना नही थी बल्कि पहले से ही नियोजित थी।वीडियो में दर्शित अधिवक्ताओं द्वारा कार्यालयीन समय में शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए अधिकारी कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। अध्यक्ष ने नायब तहसीलदार ,रीडर और भृत्य के साथ हुई घटना की निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से तत्काल गिरफतारी की मांग की।वहीं महासचिव संदीप अग्रवाल ने प्रदेश के सभी राजस्व न्यायालयों में कड़ी सुरक्षा की मांग शासन से किया।दोषी अधिवक्ताओं के विरुद्ध गिरफ्तारी की कार्यवाही नही होने की स्थिति में छ ग प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा भी आगे की रणनीति तय कर निर्णय लिया जाएगा।बैठक में संघ के समस्त पदाधिकारियों द्वारा कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और राजस्व न्यायालयीन कर्मचारियों को समर्थन दिया गया।

## विद्यालयों में वित्तीय प्रबंधन को पारदर्शिता और सुलभ बनाने मे पीएफएमएस की अहम भूमिका, सारंगढ़ में हुआ विकासखण्ड स्तरीय पीएफएमएस कार्यशाला

**रायगढ़।** विद्यालयों में बेहतर वित्तीय प्रबंधन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य के लिए विकासखण्ड स्त्रोत केंद्र सारंगढ़ में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस)पर विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त संकुल प्राचार्यो एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों को इस प्रणाली के कामकाज, उपयोगिता एवं उपलब्धियों के प्रति जानकारी दिया गया। इन दिनों सभी शासकीय संस्थाओं के साथ राज्य के सभी शासकीय स्कूलों में बेहतर वित्तीय प्रबंधन एवं आर्थिक लेनदेन में पारदर्शिता और सुगमता बनाने के उद्देश्य से सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ बनाने कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में गत दिवस विकासखण्ड स्त्रोत केंद्र सारंगढ़ में एक दिवसीय पीएफएमएस पोर्टल के सन्दर्भ में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



सहायक जिला परियोजना समन्वयक एवं नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल ने कार्यक्रम में बताया कि शासन द्वारा शासकीय संस्थाओं में बेहतर वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता और विश्वनीयता लाने के लिए पीएफएमएस योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना ने सार्वजनिक वित्तीय प्रणाली को पूरी तरह बदल दिया है। उन्होंने पीएफएमएस को गेम चेंजर बताते हुए कहा कि इस व्यवस्था से मध्यस्थों की भूमिका को खत्म करने के साथ लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण को सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि पीएफएमएस ने शासन-प्रशासन के आर्थिक लेनदेन के गतिविधियों में विश्वनीयता और पारदर्शिता को रेखांकित किया है।

प्रशिक्षण के दौरान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आर.एन.सिंग, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुर्रे, बीआरसीसी शोभाराम पटेल, सभी संकुल प्रभारी प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित थे। प्रशिक्षण में पीएफएमएस पोर्टल को विस्तार से जानकारी अखिलेश यादव प्रोग्रामर एवं रविंद्र राव अकाउंटेंट, समग्र शिक्षा के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षा विभाग में वर्तमान में संचालित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों यथा 100 दिवसीय भाषाई एवं गणितीय कौशल विकास, नवा जतन कार्यक्रमों को शत-प्रतिशत स्कूलों में पालन करने एफएलएन के लक्ष्य को पूर्ण कराने, स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार का शत-प्रतिशत पंजीयन पूर्ण कर अंतिम रूप से सबमिट करने, सभी विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों के साथ-साथ संकुल प्राचार्य एवं सीएसी को हर माह में कम से कम 02 बार शालाओं का राज्य शासन के मंशानुरूप 100 अंकों में अकादमिक निरीक्षण कर इसकी एंट्री ऑनलाइन करने के निर्देश दिए गए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480